12 | दैनिक जागरण
जमशेदपुर, 24 जून, 2024

# नेताजी सुभाष ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट में मना स्थापना दिवस



नेताजी सुभाष ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह का जन्मदिन मनाते लोग।

वि. • जमशेदपुर : नेताजी सुभाष ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में भव्य साईं महोत्सव सह स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में मदन मोहन सिंह को संस्थान के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। नेताजी सुभाष मेडिकल कालेज के वरिष्ठ चिकित्सक नवीन कुमार सिन्हा ने भी मदन मोहन सिंह के कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की।